# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी


राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 04.01.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर “,अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा, न्यायाधीश, जनसंदेश टाइम्स, ज्ञानशिखा टाइम्स, परफेक्ट मिशन,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण–दि0 04.01.2025

### बिना मानचित्र के बन रहा मकान किया ध्वस्त



अवैध भवन को ध्वस्त करता वीडीए का बुलडोजर • प्राधिकरण

**जागरण संवाददाता, वाराणसी :** विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-1 की प्रवर्तन टीम ने शुक्रवार को बिना मानचित्र के बन रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। शिवेश कुमार भट्ट ने सेंट्रल जेल मकबूल आलम रोड सिकरौल हुकूलगंज में 53 वर्गमीटर में बिना मानचित्र स्वीकृत किए अनधिकृत निर्माण करा रहे थे। कई बार रोकने के बावजूद निर्माण होता रहा। इस कारण उसे ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई में जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा, अवर अभियंता प्रिया अग्रहरी, प्रवर्तन दल पुलिस बल उपस्थित रहा।

## अमर उजाला–दि0 04.01.2025

### 14 विद्यालय, 12 स्वास्थ्य केंद्रों का होगा सुंदरीकरण

वाराणसी। वीडीए अवस्थापना निधि से स्वीकृत कार्यों की समीक्षा शुक्रवार को वीडीए सभागार में हुई। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि 5 करोड़ रुपये से शैक्षिक और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर किया जाएगा। इनमें प्राथमिक से इंटर तक के 14 विद्यालयों, 12 स्वास्थ्य केंद्रों और एक बाल सुधार गृह का सुंदरीकरण कार्य होगा।

उन्होंने कहा कि स्वीकृत 5 करोड़ के सापेक्ष 2 करोड़ मिल चुके हैं। उपाध्यक्ष ने कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। इसके तहत कन्या विद्यालय कोतवाली, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सारनाथ, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय शिवपुर में मरम्मत कार्य होगा।

राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज में पुस्तकालय का निर्माण और सुंदरीकरण के कार्य होंगे। राजकीय लाइब्रेरी अर्दली बाजार का सुंदरीकरण होगा। शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौकाघाट, राजकीय हाई स्कूल भैठौली, प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पलहीपट्टी, प्राथमिक विद्यालय भोजूबीर, प्राथमिक विद्यालय खारीकुआं, प्राथमिक विद्यालय पिशाचमोचन, प्राथमिक विद्यालय ढेलवरिया, प्राथमिक विद्यालय सराय नंदन, बाल सुधार गृह, रामनगर, 5 उप स्वास्थ्य केंद्रों का मरम्मत कार्य होगा। इसके अलावा पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय, कादीपुर, 5 उप स्वास्थ्य केंद्रों का सुंदरीकरण कराया जाएगा। ब्यूरो

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## हिन्दुस्तान–दि0 04.01.2025

# बड़ालालपुर कॉलोनी में बनने लगी सड़क





वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। बड़ालालपुर स्थित वीडीए कॉलोनी में वर्षों से क्षतिग्रस्त सड़कें बनने लगी हैं। कॉलोनी के कुछ ब्लॉक में बन चुकी हैं, कुछ में काम चल रहा है। इंटरलॉकिंग टाइल्स भी लगाई जा रही हैं। वीडीए इन पर ढाई करोड़ रुपये खर्च कर रहा है।

बड़ालालपुर की इस बड़ी कॉलोनी के लोगों ने आपके अपने अखबार 'हिन्दुस्तान' के 'बोले काशी' के मंच पर अपनी समस्याएं साझा की थीं। उनकी बातें 'हिन्दुस्तान' में बीते 27 नवंबर को 'वीडीए कॉलोनी में उड़ रहा नियमों का मखौल' शीर्षक से प्रकाशित हुई थीं। 'बोले काशी' टीम के कॉलोनी में जाने की सूचना पर वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग अपने मातहतों के साथ 27 नवंबर की शाम ही मौके पर पहुंचे थे। समस्याएं देखीं और समझीं। फिर, समस्याओं के समाधान के लिए प्लान बनाने को कहा था। उस प्लान को स्वीकृति भी मिल गई है। उसके तहत कॉलोनी में 2800 मीटर की लंबाई में सड़कों की मरम्मत होगी। 5740 मीटर तक इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाई जाएंगी। सड़कों की मरम्मत एवं इंटरलॉकिंग का काम चल रहा है। इस बीच नगर निगम ने कॉलोनी की कई लेन में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की भी मरम्मत कराई है। वीडीए और नगर निगम के सक्रिय होने से स्थानीय लोगों में खुशी है। कॉलोनी कल्याण समिति, बड़ालालपुर के अध्यक्ष रघुवीर सिंह, चरण सिंह, बसंत चौबे, भैयालाल कनौजिया ने वीडीए और नगर निगम के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा, 'बोले काशी' में खबर प्रकाशित होने के बाद समस्याएं दूर होने लगी हैं। रघुवीर सिंह ने बताया कि वीडीए उपाध्यक्ष ने कॉलोनी के रामायण पार्क के ऊपर से गुजरे बिजली के तार हटवाने के लिए संबंधित विभाग को पत्र लिखा है। उस संबंध में पहल बाकी है।




27 नवंबर के अंक में प्रकाशित रिपोर्ट।



बड़ालालपुर स्थित कॉलोनी की वीडीए की ओर से बनाई गई सड़क।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 04.01.2025

# ट्विन टावर की 30 मंजिल बिल्डिंग को मिली वीडीए की अनुमति

**वर्टिकल डेवलपमेंट के तहत शहर का पहला होगा भवन, बिल्डिंग में उपलब्ध होगी सारी अत्याधुनिक सुविधा**

**वाराणसी (एसएनबी)।** जीत होम सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और जीत होम अजंता के निदेशक जितेंद्र सिन्हा ने बताया की पंडित दीनदयाल नगर के कटेसर में "जीत ट्विन टावर" दो बेसमेंट के साथ 30 मंजिले कमर्शियल एवं ग्रुप हाउसिंग सोसायटी के नक्शे की बिल्डिंग को वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत किया गया है। ग्राउंड एवं फर्स्ट फ्लोर कमर्शियल होगा।

वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया जमीन की सीमित उपलब्धता होने के कारण अब वर्टिकल डेवलपमेंट बेहतर विकल्प के रूप में सामने आया है। शहर के वर्टिकल डेवलपमेंट के तहत पहली बार इतनी ऊंचाई वाली बिल्डिंग को अनुमति मिली है । 30 मंजिलें बिल्डिंग के लिए ग्रीन एरिया 1539 वर्ग मीटर का होगा, तथा बिल्डिंग की प्रस्तावित ऊंचाई 100 मीटर है बिल्डिंग में स्काईडेक और रूफटॉप रेस्टोरेंट टॉप फ्लोर पर रहेगा। डेडीकेटेड क्लबहाउस 15000 स्क्वायर फीट का विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ उपलब्ध रहेंगे। स्विमिंग पूल और इंडोर गेम के भी स्थान उपलब्ध रहेगा। दोनों बिल्डिंग ग्लास वर्क ब्रिज से बनकर आपस में कनेक्ट रहेंगे। विश्व स्तरीय कैप्सूल लिफ्ट प्रत्येक बिल्डिंग में रहेगी उसके साथ ही तीन अलग से भी लिफ्ट लगाई जाएगी जिससे लोगों को अच्छी सुविधा मिल सके। वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मिलने पर जीत होम के निदेशक जितेंद्र सिन्हा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब आने वाले समय में धर्म ,अध्यात्म एवं शिक्षा के शहर वाराणसी में भी अपना एक घर हो लोगों की इस इच्छा को पूरी करने के लिए जीत हम का यह नया कदम है ।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 04.01.2025

### वीडीए ने दो अवैध निर्माण ध्वस्त कर किया सील

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर जोन-एक की प्रवर्तन टीम ने अवैध निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। सिकरौल वार्ड में शिवेश कुमार भट्ट द्वारा निकट सेंट्रल जेल मकबूल आलम रोड सिकरौल हुकूलगंज जिला वाराणसी में 53 वर्गमीटर में बिना मानचित्र स्वीकृत किए गए उक्त अनिधकृत निर्माण को लालपुर पुलिस अभीरक्षा में धवस्तीकरण की कार्रवाई की गयी। वहीं दूसरी तरफ जोन-तीन, वार्ड-दशाश्वमेध के प्रवर्तन टीम ने अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही की। जोन-तीन में महेंद्र कुमार, द्वारा भट्टी, लोहता भदोही रोड वार्ड-दशाश्वमेध, में लगभग 2500 स्कवायर फिट के क्षेत्रफल में बेसमेंट का निर्माण कर भू-तल पर कालम पर बिना स्वीकृति मानचित्र के निर्माण कार्य किये जाने पर अवैध निर्माण को सील किया गया। जोन-तीन में खुशहाल चौहान, द्वारा भट्टी, लोहता भदोही रोड वार्ड-दशाश्वमेध, में लगभग 7500 स्कवायर फिट के क्षेत्रफल में चोरी छिपे निर्माण किया जा रहा था। उक्त अवैध निर्माण को सील किया गया।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 04.01.2025

### विप्रा सरकारी स्कूलों की करेगी कायापलट

विकास प्राधिकरण एक दर्जन से ज्यादा सरकारी स्कूलों को सुसज्जित और सुंदरीकरण के लिए दो करोड़ की धनराशि देगा। इसके लिए विप्रा उपाध्यक्ष अवस्थापना निधि से पांच करोड़ रुपये जारी किये हैं। संबंधित विषय में शुक्रवार को उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग और मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल के

**उपाध्यक्ष और मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक के बाद विद्यालयों का किया चयन**

साथ बैठक के बाद विद्यालयों का चयन किया गया जिसमें कन्या विद्यालय कोतवाली, कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय सारनाथ, कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय शिवपुर, राजकीय क्वींस इण्टर कालेज में पुस्तकालय निर्माण और राजकीय लाइब्रेरी अर्दली बाजार में सुंदरीकरण कार्य। इसी प्रकार शहरी सामुदायिक केंद्र चौकाघाट में मरम्मत कार्य, राजकीय हाईस्कूल भटौली, प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाईन, राजकीय आयुर्वेदिक विद्यालय पलहीपट्टी, प्राथमिक विद्यालय भोजूबीर, प्राथमिक विद्यालय खारी कुंआ, प्राथमिक विद्यालय पिशाचमोचन, प्राथमिक विद्यालय ढेलवरिया, प्राथमिक विद्यालय सरायनंदन बाल सुधार गृह रामनगर के अलावा पांच उप स्वास्थ्य केंद्र के मरम्मत कार्य के लिए चिह्नित किया गया है जिसमें चोलापुर-इमलिया चिरईगांव, भगटुआ-चिरईगांव, सरहरी-माधोपुर। इसके अलावा पीएम कम्पोजिट विद्यालय कादीपुर की कायाकल्प की जायेगी। पांच स्वास्थ्य केंद्रों में मरम्मत कार्य के लिए धन दिया जायेगा जिसमें बचौरा, कुरू, बलुआ, बड़ागांव, कोईरीपुर-पिण्डरा और काशी विद्यापीठ के अंतर्गत काशीपुर को मरम्मत कार्य के लिए दिया जायेगा। विप्रा उपाध्यक्ष ने निर्धारित समय और उच्च गुणवत्ता के साथ काम संपन्न कराने के लिए निर्देश दिया। बैठक में वीडीए के अभियंता अजय पवार, डीआरडीए से ए.ई. विनोद कुमार सिंह, नवीन कुमार सिंह, यूपी सिडको से एई, एसपी राय, लोक निर्माण विभाग के सांतनु सिंह सहित विप्रा के अधिकारी मौजूद रहे।

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 04.01.2025

# वीडीए अवस्थापना निधि से होने वाले कार्यों पर की चर्चा



**वाराणसी।** वीडीए ने अवस्थापना निधि से शहर में होने वाले विकास कार्यों पर शुक्रवार को चर्चा की। 5 करोड़ की लागत से स्वास्थ्य और शैक्षिक सुविधाओं हेतु मरम्मत कराने, नीनीकरण किए जाने का जहां निर्णय लिया गया ,वहीं प्रधिकरण सीमा में कई विभागो के सुंदरीकरण भी किए जाने की योजना बनाई गई। इसको लेकर वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में हुई बैठक में अवस्थापना निधि से स्वीकृत 5 करोड़ के सापेक्ष प्राप्त 2 करोड़ की धनराशि से प्राधिकरण सीमा क्षेत्र में विभिन्न विभागों के सुदृढ़ीकरण एवं कायाकल्प के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल के साथ विभिन्न कार्यों के बारे में गहन विचार-विमर्श किया गया। वीडीए उपाध्यक्ष ने कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता को सुनिश्चित करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। इस दौरान कन्या विद्यालय कोतवाली और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, सारनाथ और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, शिवपुर, उप स्वास्थ्य केंद्रों के(बचौरा, कुरू व बलुआ,बड़ागॉव, कोईरीपुर-पिण्डरा, काशीपुर-काशी विद्यापीठ), शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौकाघाट,राजकीय हाई स्कूल, भैठौली,प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन, प्राथमिक विद्यालय भोजूबीर, प्राथमिक विद्यालय खारीकुऑ, प्राथमिक विद्यालय पिसाचमोचन, प्राथमिक विद्यालय ढेलवरियां, प्राथमिक विद्यालय सराय नन्दन,बाल सुधार गृह, रामनगर,के मरम्मत कार्यो को कराए जाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में लहुराबीर स्थित राजकीय क्वींस इण्टर कालेज में पुस्तकालय का निर्माण, राज़कीय लाइब्रेरी अर्दली बाजार का सुंदरीकरण और उप स्वास्थ्य केंद्रो के मरम्मत कार्य सहित (कटारी-चोलापुर, इमिलिया-चिरईगॉव, भगतुआ-चिरईगॉव, सरहरी, माधोपुर-काशीविद्यापीठ) पीएम कम्पोजिट विद्यालय, कादीपुर का कायाकल्प कराने का जहां निर्णय लिया गया,वहीं राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, पलहीपट्टी के नवीकरण कराये जाने की योजना शामिल है। इस अवसर पर वीडीए के अधिक्षण अभियंता अजय पवार, डी.आर.डी.ए. से ए.ई. विनोद कुमार सिंह, नवीन कुमार सिंह, यू.पी. सिडको से ए.ई. एस.पी. राय, पी.डब्ल्यू.डी. से शानतनु सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## न्यायाधीश–दि0 04.01.2025

# वीडीए जोन-1 की प्रवर्तन टीम ने की ध्वस्तीकरण की कार्यवाही



वाराणसी। उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम मे वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-1 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी। वार्ड-सिकरौल मे शिवेश कुमार भट्ट द्वारा निकट सेंट्रल जेल मकबूल आलम रोड सिकरौल हुकुलगंज जिला वाराणसी मे 53 वर्गमीटर मे बिना मानचित्र स्वीकृत किए गए उक्त अनधिकृत निर्माण को उत्तर प्रदेश नगर नियोजन विकास अधिनियम 1973 की धारा 27 की उपधारा के अधीन उक्त अनाधिकृत निर्माण को आज दिनांक 03.01.2025 को लालपुर पुलिस अभीरक्षा में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई संपादित की गई। मौके पर जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा, अवर अभियंता प्रिया अग्रहरी प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## न्यायाधीश–दि0 04.01.2025

# वाविप्रा जोन-3 की प्रवर्तन टीम ने की अवैध निर्माणों की सीलबन्दी



वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में 3 जनवरी को वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-3, वार्ड- दशाश्वमेध के प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी और सम्बन्धित थाने की अभिरक्षा मे सुपुर्द किया गया। मौके पर जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति ,अवर अभियंता रविन्द्र प्रकाश प्रवर्तन टीम उपस्थित रही। सील बंद कराये गये निर्माणों का विवरण निम्नवत है: जोन-3 मे श्री महेंद्र कुमार, द्वारा भट्ठी, लोहता भदोही रोड वाराणसी वार्ड- दशाश्वमेध, में लगभग 2500 स्कवायर फिट के क्षेत्रफल मे बेसमेंट का निर्माण कर भू - तल कालम पर बिना स्वीकृति मानचित्र के निर्माण कार्य किये जाने पर अवैध निर्माण को सील किया गया।. जोन-3 में श्री खुशहाल चौहान, द्वारा भट्ठी, लोहता भदोही रोड वाराणसी वार्ड- दशाश्वमेध, में लगभग 7500 स्कवायर फिट के क्षेत्रफल मे चोरी छिपे का निर्माण किया जा रहा था उक्त अवैध निर्माण को सील किया गया। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## परफेक्ट मिशन–दि0 04.01.2025

# अवस्थापना निधि के पांच करोड़ रुपए से शैक्षिक एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का होगा कायाकल्प

परफेक्ट मिशन



वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में शुक्रवार को उपाध्यक्ष कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा अवस्थापना निधि से स्वीकृत 05 करोड़ रुपए के सापेक्ष प्राप्त दो करोड़ रुपए की धनराशि से प्राधिकरण सीमा क्षेत्र में विभिन्न विभागों के सुदृढ़ीकरण एवं कायाकल्प के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल के साथ विभिन्न कार्यों के बारे में गहन विचार विमर्श किया गया। उपाध्यक्ष ने कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।बैठक में- कन्या विद्यालय कोतवाली में मरम्मत का कार्य, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सारनाथ में मरम्मत का कार्य, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय शिवपुर में मरमत कार्य, राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज वाराणसी में पुस्तकालय के निर्माण का कार्य, राजकीय क्वीन्स इंटर कॉलेज वाराणसी में सुंदरता बढ़ाने का कार्य, राजकीय लाइब्रेरी अर्दली बाजार वाराणसी में सुंदरीकरण का कार्य, शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौकाघाट में मरम्मत का कार्य, राजकीय हाई स्कूल भैठौली में मरम्मत का कार्य, प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन वाराणसी में मरम्मत का कार्य, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पलहीपट्टी में नवीनीकरण का कार्य, प्राथमिक विद्यालय भोजूबीर में मरम्मत का कार्य, प्राथमिक विद्यालय खारीकुआं में मरम्मत का कार्य, प्राथमिक विद्यालय पिसाचमोचन में मरम्मत का कार्य, प्राथमिक विद्यालय सराय नंदन में मरम्मत का कार्य, बाल सुधार गृह रामनगर वाराणसी में मरम्मत का कार्य, पांच उपकेन्द्रों-(कटारी चोलापुर, इमिलिया चिरयीगांव, भगतुआ चिरयीगांव, सरहरी, माधोपुर काशीविद्यापीठ)के मरम्मत का कार्य, पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय कादीपुर में कायाकल्प कार्य,पांच उपकेन्द्रों-(बचौरा, कुरू व बलुआ बड़ागांव, कोइरीपुर पिण्डरा, काशीपुर काशीविद्यापीठ) के मरम्मत का कार्य आदि पर विचार किया गया।

बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर और उच्चतम गुणवत्ता के साथ संपन्न किए जाएं जिससे आने वाले भविष्य को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस बैठक में वीडीए के अधीक्षण अभियंता अजय पवार, डीआरडीए से एई विनोद कुमार सिंह, नवीन कुमार सिंह, यूपी सिडको से एई एसपी राय और पीडब्ल्यूडी से शान्तनु सिंह भी उपस्थित रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


न्यायाधीश–दि0 04.01.2025

# वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा अवस्थापना निधि से कार्यों की स्वीकृति पर बैठक आयोजित

## 5 करोड़ से शैक्षिक और स्वास्थ्य सुविधाओं का कायाकल्प

वाराण्सी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग की अध्यक्षता मे उपाध्यक्ष कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा 'अवस्थापना निधि से स्वीकृत ?5 करोड़ :5?00?00?000द्ध' के सापेक्ष 'प्राप्त ?2 करोड़ :2?00?00?000द्ध' की धनराशि से प्राधिकरण सीमा क्षेत्र मे विभिन्न्विभागो के सुदृढ़ीकरण एवं कायाकल्प के कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु नागपाल के साथ विभिन्न् कार्यो के बारे में गहन विचार.विमर्श किया गया। उपाध्यक्ष महोदय ने कार्यो की गुणवत्ता और समयबद्धता को सुनिश्चित करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। 'बैठक में निमनलिखित कार्यों पर चर्चा की गई 'कन्या विद्यालय कोतवाली . मरम्मत कार्य। ''कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयए'' सारनाथ' . मरम्मत कार्य। 'कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयए शिवपुर' . मरम्मत कार्य। 'राजकीय क्वींस इण्टर कॉलेजए वाराणसी .' पुस्तकालय का निर्माण कार्य। 'राजकीय क्वीस इण्टर कॉलेजए वाराणसी .' सुंदरता बढ़ाने के कार्य। 'राजकीय लाइब्रेरी अर्दली बाजारए' वाराणसी . सुंदरीकरण कार्य। 'शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रए चौकाघाट .' मरम्मत कार्य। 'राजकीय हाई स्कूलए भैठौली .' मरम्मत कार्य। 'प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइनए वाराणसी .' मरम्मत कार्य। 'राजकीया आयुर्वेदिक चिकित्सालयए पलहीपट्टी .' नवीकरण कार्य। 'प्राथमिक विद्यालय भोजूबीर. मरम्मत कार्य। 'प्राथमिक विद्यालय खारीकुऑ .' मरम्मत कार्य। 'प्राथमिक विद्यालय पिसाचमोचन.' मरम्मत कार्य। प्राथमिक विद्यालय ढेलवरियां .' मरम्मत कार्य। 'प्राथमिक विद्यालय सराय नन्दन.' मरम्मत कार्य। 'बाल सुधार गृहए रामनगरए वाराणसी .' मरम्मत कार्य। '5 उप स्वास्थ्य केंद्रों के मरम्मत कार्य' :कटारी. चोलापुरए इमिलिया . चिरईगॉवए भगतुआ . चिरईगॉवए सरहरामाधोपुर . काशी विद्यापीठ। 'पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालयए कादीपुर .' कायाकल्प कार्य। '5 उप स्वास्थ्य केंद्रों के मरम्मत कार्य' :बचौरा कुरू व बलुआ. बड़ागॉवए कोईरीपुर. पिण्डराए काशीपुर. काशीविद्यापीठ। 'बैठक मे अधिक्षण अभियंता :वी0डी0ए0द्ध अजय पवारए डीण्आरण्डीण्एण् से एण्ईण् विनोद कुमार सिंहए नवीन कुमार सिंहए यूण्पीण् सिडको से एण्ईण् एसण्पीण् रायए और पीण्डब्लुयूण्डीण् से शानतनु सिंह भी उपस्थित रहे। ''उपाध्यक्ष द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर और उच्चतम गुणवत्ता के साथ सम्पन्न किए जाएए जिससे आने वाले भविष्य को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।'

## पुलिस के हत्थे चढ़ा 25 हजार का इनामी अपराधी,

वाराणसी। कपसेठी पुलिस ने 25,000 के इनामी अपराधी को रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से नकदी बरामद की गई, जो चोरी किए गए सामान को बेचकर मिली थी। पुलिस उसे थाने लाकर पूछताछ करने के साथ ही विधिक कार्रवाई मे जुटी रही। बिहार प्रांत के कैमूर जिले के भभुआ थाना के डुमरड़थ गांव निवासी शिवपरसन मुसहर चोरी की कई घटनाओं मे संलिप्त रहा। पुलिस ने उसके ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने सटीक सूचना के आधार पर शातिर चोर को कपसेठी रेलवे स्टेशन के पास से पकड़ लिया। उसके पास से नकदी बरामद की गई।